(c) if the answer to part (a) above be in the negative, the reasons therefor?

The Minister of Defence Production in the Ministry of Defence (Shri Raghuramaiah): (a) No, Sir.

(b) No such organisation under the Government exists in Dum Dum.

(c) No need to establish such a production unit at Dum Dum has been felt.

टैंकों का निर्माण

१६४६. **श्री ओंकारलाल बेरवा** : क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में टैंकों के निर्माण के लिये फ्रांसीसी प्रस्ताव आया है और वहां के विशेषज्ञ शीघ्र ही दिल्ली आने वाले हैं ;

(ख) भारत सरकार की इस सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) इसके निर्माण में लगभग कितना रुपया लग जायेगा, इसमें विदेशी मुद्रा कितनी होगी और उपरोक्त कारखाने के निर्माण की शर्तें क्या हैं ?

प्रतिरक्षा मत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री रघुरामैया) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) टैंक की लागत, सम्बद्ध विदेशीय मुद्रा इत्यादि का गणन, फ्रांसीसी दल से बातचीत के दौरान में किया जाएगा । यह आधार-सामग्री प्राप्य होने पर ही कोई निश्चय किया जाएगा ।

रासायनिक उद्योगों के मजदूर

१६५०. { **श्री बाल कृष्ण सिंह** :
श्री विश्वनाथ राय :

क्या श्रम और रोजगार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केमिकल कारखानों में जहरीली गैस के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से मजदूरों के बचाव के लिए सरकार की कोई योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

श्रम और रोजगार मंत्रालय में उपमंत्री तथा योजना उप मंत्री (श्री च० रा० पट्टाभिरामन) : (क) केमिकल कारखानों में जहरीली गैस के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से मजदूरों के बचाव के लिए कारखाना अधिनियम १९४८ और उसके अधीन राज्य सरकारों द्वारा बनाए गए नियमों में पर्याप्त व्यवस्था है ।

(ख) कारखाना अधिनियम १९४८ के अधीन केमिकल कारखानों के लिए आदर्श नियम बनाए गए थे और उन्हें राज्य सरकारों को अनुपालन के लिए भेज दिया गया था । ९ राज्य सरकारें इन नियमों का आवश्यक संशोधनों सहित अनुपालन कर रही हैं । इन नियमों में गृह-व्यवस्था; खाद्य संग्रहण; रासायनिक पदार्थों के अनुचित प्रयोग पर रोक; औजारों के परीक्षण; रासायनिक पदार्थों को पैक करने और उनके संग्रहण व परिवहन; आग से बचाव; विस्फोट-क्षतिमय; गैस, वाष्प, धुआं या धूल, संक्षारक या विषैले पदार्थों से क्षतिमय; व्यक्तियों के इलाज; वैयक्तिक संरक्षी उपकरण; बचाव के साधन; डाक्टरी परीक्षा आदि की व्यवस्था है ।

Transmitter for Calcutta

1651. { **Shri Harish Chandra Mathur**
Shri P. C. Borooah:

Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state:

(a) the progress, if any made in negotiations by Information and Broadcasting Ministry with Voice of America for a powerful transmitter set at Calcutta; and

(b) who has been entrusted with the negotiations?

The Deputy Minister in the Ministry of Information and Broadcasting (Shri Sham Nath): (a) Discussions are still going on with the U.S. Embassy.

(b) Foreign Secretary has been entrusted with the negotiations.